**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.01.2025 प्रादेशिक समाचार 09.20 बजे**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ढली नारकंडा सड़क को फोरलेन बनाने के लिए प्रयासरत है जिसमें सुंरगों के निर्माण का प्रावधान भी शामिल है। कल शिमला जिले के फागू में कल लगभग पौने दो करोड़ रूपये की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का उदघाटन करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोरलेन राजमार्ग के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों व बागवानों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और फागू क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री, अनिरूद्ध सिंह, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शिमला जिला के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड 84 लाख रुपये की लागत की चार विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने गुम्मा एचपीएमसी सीए स्टोर और कोटखाई में मिनी सचिवालय भवन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कल कुल्लू जिले के बंजार के तांदी में अग्निकांड प्रभावितों से मुलाकात की । उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से इस गांव की एक अलग पहचान थी लेकिन यहां अब कुछ नहीं बचा। जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय शहरी विकास एवं उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अनुरोध किया है। जयराम ठाकुर ने सभी प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री भी वितरित की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस कांगड़ा ज़िला के बैजनाथ में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। इस संबध में सामान्य प्रशासन विभाग ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को तैयारियां करने के दिशा निर्देश जारी कर दिए है।

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं। प्रदेश में पिछले कई दिनों से मौसम साफ रहने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक वृद्धि दर्ज की गई है। शिमला शहर में 4 जनवरी को अब तक का सर्वाधिक तापमान 23 दशमलव एक डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया जबकि सोलन में 29 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकार्ड किया किया गया। हालांकि मौसम

विभाग ने आज से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का पूर्वानुमान लगाया है इससे आने वाले दो दिनों में राज्य के ऊंचाई वाले अधिकतर इलाकों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश की संभावना है।

## एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर

- आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मौसम पर अमर उजाला का शीर्षक है–**शिमला और सोलन में रिकार्ड गर्माहट–कल भारी बारिश–बर्फबारी का अलर्ट।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**शनिवार को शिमला व सोलन में सबसे गर्म दिन।** आपका फैसला लिखता है–**हिमाचल के 8 जिलों में दो दिन भारी बारिश क अलर्ट।**

- हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**गुणात्मक सेवाएं नहीं मिलें तो ये जनता से धोखा।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**अस्पतालों में आधुनिक मशीनों पर 15 सौ करोड़ खर्चेगा हिमाचल।**

- दैनिक जागरण की एक खबर है–**शिक्षण संस्थानों में रील व वीडियो बनाने पर रोक।**

- **वन विभाग इको टूरिज्म से हर साल कमाएगा 2 सौ करोड़, लक्ष्य किया तय।**